हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 9 अगस्त 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 दोनों कट्टाधारियों को देहात पुलिस ने कार्रवाई कर भेजा जेल, कट्टा किया गया ...



07 मरीज और स्टाफ को बीमारियां उपहार में दे...




## खबर संक्षेप

### रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय, सागर में प्रवेश 14 अगस्त तक

**सागर।** रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय, सागर में यूजी/पीजी कक्षाओं के विभिन्न विषयों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए 14 अगस्त तक अंतिम चरण में पंजीयन एवं दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन कर उसी दिन प्रवेश शुल्क जमा करके विद्यार्थी प्रवेश ले सकेगें।

### सहायिका एवं कार्यकर्ता के आवेदनों पर आपत्तियां आमंत्रित

**सागर।** महिला एवं बाल विकास परियोजना सागर शहरी 2 अंतर्गत कार्यकर्ता के 3 एवं सहायिका के 9 पद रिक्त थे जिनपर एमपी ऑनलाईन के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए। एसडीएम सागर की अध्यक्षता में खंड स्तरीय समीति की बैठक में एमपी ऑनलाईन से प्राप्त आवेदनों के परीक्षण एवं अवलोकन उपरांत आवेदिकाओं का चयन अंतरिम रूप से किया गया है। जिन आवेदिकाओं को अंतरिम चयन पर आपत्ति है। वह आगामी 7 दिवस के अंदर एमपी आनलाईन के पोर्टल के माध्यम से आनलाइन आपत्तियां दर्ज करा सकती है।

### लंबित पेशन प्रकरणों के निराकरण हेतु शिविर आयोजित

**सागर।** कमिश्नर संभाग सागर ने शासकीय सेवा से निवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों को सेवा निवृत्ति के पश्चात मिलने वाले सभी हितलाभों के आसानी से प्राप्ति हेतु संभाग के सभी जिलों के कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि वह अपने अपने जिलों में शासकीय सेवकों को पेशन आदि आसानी से प्राप्त हो इस हेतु शिविरों का आयोजन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि पेशन एवं सेवानिवृति हितलाभों के प्रकरणों के लंबित रहने से संबंधित पेशनरों को अत्यधिक असुविधा होती है तथा शासन की सेवा निवृति संबंधी प्रक्रियाओं की प्रभावशीलता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अधीनस्थ जिला पेशन अधिकारियों एवं समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों को निर्देशित करें कि वे एक विशेष पेशन शिविर का आयोजन शीघ्र करे, जिसमें सभी लंबित पैशन प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जा सकें।

### विद्यार्थियों ने तिरंगा अभियान में दिखाई देश भक्ति की कला

**सागर।** सांदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बांदरी में आजादी का अमृत महोत्सव तिरंगा अभियान के अंतर्गत विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अभियान में प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय के प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने तिरंगे के रंगों से सुंदर चित्रों की रचना की। देशभक्ति से ओतप्रोत इन चित्रों में स्वतंत्रता सेनानियों की झलक, भारत माता का चित्रण तथा तिरंगे की महिमा को दर्शाया गया।

### अस्पताल से मां को छुट्टी देने से पहले मिलेगा जन्म प्रमाण पत्र

**सागर।** कलेक्टर ने जनसुविधा को दृष्टिगत रखते हुए चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्त स्वास्थ्य इकाईयों में होने वाले जन्म का पंजीयन संस्था से प्रसूता के डिस्चार्ज के पूर्व अनिवार्यतः करते हुए जन्म प्रमाण पत्र की प्रति डिस्चार्ज स्लिप के साथ अथवा उनके रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर पर वाट्सएप एव अन्य माध्यम से प्रदाय करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय से जारी निर्देशों के अनुसार जन्म प्रमाण पत्र के बढ़ते महत्व को देखते हुए, यह प्रमाण पत्र नव-जात शिशु की मां को अस्पताल से छुट्टी मिलने से पहले ही दे दिया जाये, खासकर सरकारी अस्पतालों द्वारा जहां कुल संस्थागत जन्मों में से 50 प्रतिशत से अधिक जन्म होते है।

---

राज्य सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों का संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

## संवेदनशीलता, सहजता, समय प्रबंधन, पारदर्शिता के साथ सभी काम करें, चुनौती का सामना कर उसको पूरा करने का कार्य करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

संवेदनशीलता, सहजता, समय प्रबंधन, पारदर्शिता के साथ सभी काम करे, एवं चुनौती का सामना कर उसको पूरा करने का कार्य करें। उक्त विचार कलेक्टर संदीप जी आर ने राज्य सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों का संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न होने के पश्चात आयोजित समीक्षा में दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा, संयुक्त कलेक्टर आरती यादव, डीएसपी मयंक सिंह सहित सभी प्रशिक्षु अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि आप अपने आंगे की शासकीय सेवा में पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें एवं समाज, जनसमुदाय के बीच अपनी छवि को पूरी पारदर्शी रखते हुए ईमानदारी के साथ उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान करें। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवा में प्रतिदिन चुनौती आती हैं किंतु आप सभी को चुनौतियों का सामना कर पूरे ईमानदारी के साथ उसको पूरा करना है। उन्होंने कहा कि आप सभी ने अभी सागर जिले के ग्रामीण क्षेत्र के बारे में जानकारी प्रदान की एवं ग्रामीण जनों से जानकारी प्राप्त की आपका अनुभव इस जानकारी में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीलोकेश सिंहा एवं संयुक्त कलेक्टर श्रीमती आरती यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए।




संयुक्त कलेक्टर आरती यादव ने बताया कि आपने जो फील्ड में देखा है वह कलेक्टर संदीप जीआर के द्वारा जिले के लिए किया जा रहा है सभी ने बताया कि अलग-अलग स्थान पर फ्रूट फॉरेस्ट के तहत जो वृक्षारोपण किया जा रहा है उसे ग्रामवासियो ने सराहा है।

राज्य सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों का संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रामीण भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को सागर जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों गुड़ा, सानौदा, डुंगासरा, पथरिया हाट, जैसीनगर, गेहूरास बुजुर्ग, बेरखेड़ी गोसाई, अगरिया, नरयावली, खाकरोन, जरूआखेड़ा, जलंधर, पटना बुजुर्ग, समनापुर कला, चनौआ बुजुर्ग, बरखेड़ा आदि का भ्रमण कराया गया। जहां उन्होंने शासकीय योजनाओं के अंतर्गत हो रहे अधोसंरचनात्मक विकास, स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा, कृषि एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में होने वाले विकास व मध्यप्रदेश शासन की आवंटित शासकीय योजनाओं का अवलोकन किया।



## हवन पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम, देर रात तक चला भंडारा

**सागर।** हवन पूर्णाहुति के साथ पशुपतिनाथ मंदिर में शिवलिंग निर्माण पूजन अभिषेक कार्यक्रम का समापन हो गया। पं. शिवप्रसाद तिवारी ने बताया कि प्रातः 8बजे से पशुपतिनाथ जी का महाभिषेक किया गया,11 बजे से अष्टाध्यायी हवन हुआ दोपहर 1.30 बजे पूर्णाहुति एवं महाआरती की गई शाम 5 बजे से कन्याभोज एवं भंडारा प्रारंभ हुआ जो देर रात तक चलता रहा। हवन पूर्णाहुति में एम सी दुबे, के सी व्यास, आर पी मिश्रा, अखिलेश शर्मा, रमेश चौरसिया, के बी खरे, के पी गांधी, राघवेंद्र सिंह राजपूत, आशीष शर्मा, कपिल चौबे, डब्बू गर्ग, देवेंद्र पटेल, राजेश गुप्ता, दीपक शर्मा, पवन अग्रवाल, अशोक मिश्रा, सरोज दुबे, शारदा दुबे, सीता व्यास, नत्थीवाई यादव, आभा नायक, मीनाक्षी भट्ट, अभिलाषा राजपूत, मनीषा गांधी, रश्मि शर्मा, रेशु चतुर्वेदी, सीमा यादव, रेखा दुबे, संतोषी तिवारी, किरण भारद्वाज, मीरा गुप्ता, सुहागरानी साहू, रजनी गुप्ता, टीना चौबे, पिंकी गुप्ता, रजनी यादव, आशा ठाकुर, बंदना चौरसिया, सुहागरानी पटेल, उमा चौरसिया, दीक्षा दांगी, सीमा यादव, दीपिका ठाकुर, मांडवी दुबे, पूजा पाराशर, रानी अग्रवाल, पदमा मेहता, सीमा तिवारी आदि उपस्थित रहीं।



## रहली में मनाई गई गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती, मानस भवन में हुआ विशेष आयोजन

**रहली।** रहली की शिक्षक कॉलोनी स्थित मानस भवन में शुक्रवार को महान संत और कवि गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के कई विद्वानों और साहित्य प्रेमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गोस्वामी तुलसीदास जी के जीवन, उनके कार्यों और उनके महान ग्रंथ 'रामचरितमानस' के महत्व पर प्रकाश डालना था। उपस्थित विद्वानों ने तुलसीदास जी के जीवन चरित्र के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की और बताया कि कैसे उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज को एक नई दिशा दी। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि रामचरितमानस केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला एक अनुपम ग्रंथ है। इसमें वर्णित आदर्शों और मूल्यों को आज भी हमारे समाज में प्रासंगिक माना जाता है। उन्होंने तुलसीदास जी के द्वारा दिए गए सामाजिक समरसता, भक्ति और नैतिकता के संदेशों पर भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने तुलसीदास जी के दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस आयोजन ने तुलसीदास जी के साहित्य और उनके योगदान को याद करते हुए एक प्रेरणादायक माहौल का निर्माण किया आयोजित कार्यक्रम में पंडित रमेश शर्मा, ओंकार प्रसाद पटेरिया, राजेंद्र जारोलिया, उमेश वैद्य, आर एस दीक्षित, पी एन मिश्रा, डॉ संजय तिवारी, रूपसिंह ठाकुर, पीएम राइज स्कूल प्राचार्य मनीष तिवारी,जनशिक्षक दीपक मिश्रा, पंकज साहू,उमाशंकर रैकवार, घनश्याम दुबे, भरत शुक्ला, हरिराम प्रजापति, सहित अनेक वक्ता और श्रोतागण उपस्थित रहे।

## निगमायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम अंतर्गत सभी बैंक अधिकारियों की बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र के आवासहीन पात्र नागरिकों को आवास उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम सभाकक्ष में सभी बैंक अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में निगमायुक्त ने बैंक अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम के अंतर्गत ऐसे परिवार जिनकी वार्षिक आय ईडब्ल्यूएस आवास के लिए 3 लाख रुपए,एल आई जी आवास के लिए 6 लाख रुपए एवं एम आईं जी आवास के लिए 9 लाख रुपए है उन्हें योजना का लाभ दिया जाएगा। योजना के पात्र हितग्राहियों को शासन द्वारा अधिकतम 1 लाख 80 हजार रुपए ब्याज सब्सिडी का लाभ दिया जाएगा। निगमायुक्त ने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को अगस्त माह में दिया जाए तथा इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम के बारे में जानकारी दें। बैठक में उपायुक्त एसएस बघेल, कार्य पालन यंत्री विजय दुबे, सहायक यंत्री संजय तिवारी सहित सभी बैंकों के अधिकारी उपस्थित थे।






## नपा ने खरपतवार काटने की मशीनें खरीदी

**गढाकोटा।** नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने एवं फलदार छायादार पेड़ पौधे की सुरक्षा के उद्देश्य से नपा गढ़ाकोटा ने खरपतवार काटने की मशीने खरीदी है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने बताया कि कम खर्चे में हम ज्यादा काम कैसे कर पाए इसके लिए नपा गढ़ाकोटा ने खरपतवार काटने की कुछ मशीनों का क्रय किया है। यह मशीन कम समय, कम खर्चे और कम श्रम में अधिक काम करके देती है। ऐसी कुछ मशीने हमने पटेरिया पार्क, बागवान वृध्दाश्रम एवं श्री रसिक धाम पर हमारे कर्मचारियों के पास तक पहुंचाई है। आज सभी स्थानों पर कर्मचारी भाईयों के साथ सफाई करके मशीन एवं कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। साथ ही इन स्थानों पर कार्य कर रहे कर्मचारी बंधुओं को निर्देश दिए कि अब लगातार ऐसी सफाई कर इन स्थानों को व्यवस्थित एवं सुंदर रखने का कार्य करते रहना है। आधुनिकता के तौर पर हमें भी आधुनिक होना होगा तभी हम अपने नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में अपना योगदान दें पाएंगे।

## कलेक्टर हाथ में तिरंगा थाम कर तिरंगा रैली में हुए शामिल

**सागर।** हर घर तिरंगा, घर-घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत कलेक्टर संदीप जीआर ने आज हाथ में तिरंगा थाम कर शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं एवं शिक्षकों के साथ विशाल रैली में शामिल हुए। कलेक्टर ने आज शासन के निर्देशानुसार 2 तारीख से 15 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत जहां सभी विद्यालयों, कॉलेज, स्व सहायतासमूह, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एनआरएलएम सहित अन्य जन प्रतिनिधियों के द्वारा लगातार तिरंगा रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसी के साथ-साथ विद्यालय, कॉलेज एवं अन्य जगह निबंध लेखन, रंगोली, राखी पोस्टर प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिताएं कार्यक्रम के तहत आयोजित की जा रही हैं। इसी परिपेक्ष में आज शासकीय कन्या महाविद्यालय में कलेक्टर संदीप जी आर ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा के साथ रैली में भाग लिया जो की कॉलेज परिषद से लेकर डिग्री कॉलेज चौराहे से होती हुई वापस कॉलेज परिसर में समाप्त हुई। इस अवसर पर कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि आप सभी अपने-अपने घरों पर, शासकीय कार्यालय, निजी संस्थानों में पूरी गरिमा के साथ तिरंगा का आरोहण करें एवं गरिमा के साथ उस को रखें। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार सभी शासकीय भवन एवं निजी भवनों में भी 15 अगस्त की पूर्व संध्या से भव्य रोशनी भी की जाए। इस अवसर पर अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ नीरज दुबे, कॉलेज प्राचार्य आनंद तिवारी, डॉ रामकुमार गोस्वामी, डॉक्टर संजय दुबे, डॉ एएनएम चोकसे सहित समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं छात्राएं एनसीसी कैडेट मौजूद थीं।



## हर दिन बनेगा दिव्यांग प्रमाण पत्र

**सागर।** जिला चिकित्सालय में अब हर दिन दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे एवं बनने के पश्चात दिव्यांगजन के व्हाट्सएप नंबर पर शेयर किया जाएगा। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी. आर. ने दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, सीईओ, सभी अधिकारी अपने अपने क्षेत्र के दिव्यांगों को चिन्हित कर उनके दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए उन्हें जिला चिकित्सालय भेजें जिससे कि उनका दिव्यांग प्रमाण पत्र आसानी से बन सकें। दिव्यांग प्रमाण पत्र बनने के बाद संबंधित अधिकारी प्रमाणपत्र को दिव्यांगजन के व्हाट्सएप नंबर पर शेयर करें एवं उन तक हार्डकॉपी पहुंचाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर संदीप जी. आर. ने कहा कि दिव्यांगजन यदि आपके समक्ष आतें है तो पूरे सम्मान के साथ उनकी बात सुनें और उनकी समस्याओं का निराकरण करें।

## हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत जिले में की गई गतिविधियां

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी. आर. के निर्देशानुसार जिले में हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान से न केवल राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान बढ़ाना बल्कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी फैलाना है। इस दिशा में तिरंगा से प्रेरित कला प्रतियोगिता, तिरंगा प्रदर्शनी, तिरंगा रंगोली और तिरंगा राखी निर्माण जैसी रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी अभियान के तहत आज हर घर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता शाहगढ़ में एसडीएम नवीन सिंह ठाकुर द्वारा कराई गई। हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता अभियान से नागरिकों को न केवल अपने घरों को स्वच्छ रखने की प्रेरणा दी जा रही बल्कि उन्हें राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति गर्व की भावना से भी जोड़ा है। रैलियों और प्रदर्शनियों ने लोगों को अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया है।




## विश्वविद्यालय : एप्लाइड जियोलॉजी विभाग ने धूमधाम से मनाया 70वां वार्षिक विभाग दिवस

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के एप्लाइड जियोलॉजी विभाग का 70वां वार्षिक दिवस भव्यता के साथ संपन्न हुआ। समारोह की शुरुआत संस्थापक प्रो. डब्ल्यू. डी. वेस्ट को पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। इसके पश्चात सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम में विभाग की उपलब्धियों और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर प्रो. अस्मिता गजबिए, डीन, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी, मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को प्रेरणादायी संबोधन दिया तथा विभाग के सतत विकास की सराहना की। इस अवसर पर प्रो. गजबिए ने कहा, सत्तर वर्षों की उपलब्धियों पर हमें गर्व है। विभाग ने शिक्षा और अनुसंधान दोनों क्षेत्रों में अपनी पहचान स्थापित की है। विभाग अध्यक्ष प्रो. ए. के. सिंह ने स्वागत वक्तव्य देते हुए विभाग की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं का उल्लेख किया। विभाग के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम और इंडक्शन प्रोग्राम ने समारोह को और भी आकर्षक बना दिया। समारोह के दौरान सेवानिवृत्त प्रोफेसर प्रो. थॉमस, प्रो. त्रिवेदी और प्रो. आदिल ने भी अपने विचार साझा किए और छात्रों तथा विभाग के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विभाग के वरिष्ठ सदस्य प्रो. आर. के. रावत, प्रो. डी. सी. मेश्राम, डॉ. वी. पी. मालवीय, डॉ. के. के. प्रजापति, डॉ. राजीव खाल्खो, डॉ. जी. के. सिंह, डॉ. अदिति शर्मा और डॉ. एन. के. पटेल भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। समारोह के अंत में डॉ. अदिति शर्मा ने कुलपति महोदया का आभार प्रकट किया और सभी आगंतुकों के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी व पूर्व छात्र उपस्थित रहे ।

---

थाना प्रभारी सानौधा की अभिनव पहल

## ग्राम परसोरिया में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, राष्ट्र भक्ति के रंग में रंगा गांव, अमर शहीदों को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

ग्राम परसोरिया में आज पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग एवं ग्राम पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य गाँव-गाँव में देशभक्ति की भावना का संचार करना और युवाओं में राष्ट्र के प्रति कर्तव्यनिष्ठा की भावना जागृत करना था। यह कार्यक्रम वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशानुसार एवं अधिकारियों के मंशानुरूप आयोजित किया गया। रैली का नेतृत्व थाना सानौधा प्रभारी निरीक्षक भरत सिंह ठाकुर ने किया। इस अवसर पर थाना स्टाफ के सभी सदस्य पूरे अनुशासन और जोश के साथ उपस्थित रहे।शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसौरिया के प्राचार्य सक्सेना एवं उनका पूरा स्टाफ भी इस तिरंगा यात्रा में शामिल हुआ। विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राएँ हाथों में तिरंगा लहराते हुए राष्ट्रभक्ति के नारों के साथ रैली में सम्मिलित हुए। ग्राम पंचायत परसौरिया के सरपंच एवं ग्रामीणजन भी सक्रिय रूप से मौजूद रहे। यात्रा के दौरान अमर शहीदों की जय और भारत माता की जय के गगनभेदी नारे लगाए गए, वहीं डीजे पर बजते देशभक्ति के गीतों ने वातावरण को पूरी तरह राष्ट्रप्रेम की भावना से सराबोर कर दिया। गाँव के मुख्य मार्गों से गुजरती यह तिरंगा यात्रा लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। ग्रामीण जन बड़े उत्साह के साथ अपने घरों के बाहर खड़े होकर तिरंगे के साथ रैली का स्वागत करते नज़र आए।इस आयोजन के माध्यम से एकता, देशभक्ति और समाज में सकारात्मक सोच का सशक्त संदेश पूरे क्षेत्र में प्रसारित हुआ।



### थाना प्रभारी सानौधा का संदेश

हमारा तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के बलिदान, साहस और त्याग का प्रतीक है। आइए, इसे केवल फहराएँ ही नहीं, बल्कि इसके सम्मान में अपने जीवन को भी समर्पित करें।

### पुलिस की पहल की सराहना

ऐसे आयोजनों से यह स्पष्ट होता है कि सागर पुलिस केवल कानून-व्यवस्था तक ही सीमित नहीं, बल्कि समाज में राष्ट्रप्रेम, एकता और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है। पुलिस, शिक्षा विभाग और ग्राम पंचायत के इस समन्वित प्रयास की पूरे क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

## न्यायालय के परिसर के सामने स्कूटी वाहन की डिग्गी से पकड़ा था हथियार

# दोनों कट्टाधारियों को देहात पुलिस ने कार्रवाई कर भेजा जेल, कट्टा किया गया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

मुख्यालय पर न्यायालय परिसर के बाहर स्कूटी की डिग्गी से बरामद किये सनसनीखेज कट्टा मामले कार्यवाही करते हुए देहात पुलिस ने दो आरोपियों को जेल भेज दिया है। दोनों आरोपियों को मुखबिर की सूचना पर न्यायालय परिसर के सामने से स्कूटी में कट्टा रखकर घूमते हुए पकड़ा गया था। पुलिस द्वारा स्कूटी की जांच करने के दौरान एक आरोप ज़ब भागने लगा तब पुलिस ने काफी दूर तक पीछा कर उसे पकड़ने में सफलता पाई। दोनों आरोपियों से पूंछतांछ के बाद कार्यवाही कर जेल भेजा गया है।

बिगत दिबस न्यायालय परिसर के सामने तब हड़कंप मच गया ज़ब एक स्कूटी में जिन्दा कारतूस के साथ पुलिस द्वारा अबैध कट्टा बरामद किया गया। मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए देहात थाना पुलिस ने एक स्कूटी से अवैध कट्टा जब्त किया। बताया गया है कि स्कूटी के मालिक रियाज खान जिला अस्पताल में 108 एम्बुलेंस के ड्राइवर हैं।





पुलिस ने इस मामले में रियाज खान और मुन्ना खान के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। जिन्हे जेल भेज दिया गया है।

देहात थाना प्रभारी चंद्रकांत यादव ने बताया कि उन्हें मुखबिर से न्यायालय परिसर में एक दो पहिया वाहन में अवैध कट्टा रखे होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने अपनी मौजूदगी में वाहन चालक से गाड़ी की डिग्गी खुलवाई। डिग्गी खोलते ही उसमें अवैध कट्टा मिला। पुलिस ने इस पूरी घटना की वीडियोग्राफी भी कराई है। जांच के दौरान पता चला कि दोनों आरोपी एक ही वाहन पर सवार थे। लेकिन ज़ब पुलिस ने डिग्गी खुलबाई तब आरोपी रियाज खान मौके से भागने लगा। जिसका पुलिस ने काफी दूर तक पीछा करके पकड़ने में सफलता हासिल की। देहात थाना प्रभारी चंद्रकांत ने बताया कि उक्त मामले में दोनों आरोपियों से सघन पूंछतांछ कर उनके मकसद के बारे में भी पूंछा गया जिसकी जांच की जा रही है। न्यायालय के बाहर ही इस तरह कट्टा लेकर दौड़ते वाहन की जानकारी मिलते ही हड़कंप मच गया। लोगो ने कहा कि इस तरह खुलेआम कट्टा लेकर जो ब्यक्ति घूम रहा था। उसकी मंशा कितनी खतरनाक होगी। इसका सिर्फ अंदाजा ही लगाया जा सकता है। कट्टा लेकर न्यायालय परिसर के बाहर घूमते पाए जाने के संबंध में भी पुलिस द्वारा जांच की जा रही है कि आखिर आरोपी किस मकसद से हथियार लेकर न्यायालय परिसर के बाहर पहुंचा। देहात थाना प्रभारी चंद्रकांत ने बताया कि उक्त मामले में आरोपियों के परिजनों के द्वारा षड्यंत्र का जो आरोप लगाया जा रहा था, उसको लेकर भी जांच की गई लेकिन आरोप निराधार पाए गये। उन्होंने कहा कि ज़ब स्कूटी को पकड़ा गया तब मौके पर लोग मौजूद थे जिनकी मौजूदगी में ही शुरू से लेकर अंत तक कार्यवाही की वीडियोग्राफी कराई गई। बही दूसरी ओर प्रत्यक्षदर्शी लोगो ने तर्क देते हुए कहा कि अगर कट्टा पकड़े जाने में कोई षड्यंत्र था तो पुलिस द्वारा स्कूटी की डिग्गी खुलबाते ही स्कूटी चालक ने भागने का प्रयास क्यों किया। अगर स्कूटी चालक को डिग्गी में कट्टा रखे होने की जानकारी नहीं थी तो उसे भागना नहीं चाहिए। मौके से भागने का प्रयास करना तो यही दर्शाता है कि स्कूटी चालक को डिग्गी में कट्टा रखे होने की जानकारी थी और कट्टा सहित पकड़े जाने के डर की बजह से उसने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस द्वारा उसे पकड़ लिया गया।

### परिजनों की मौजूदगी में चेतावनी देकर छोड़ा

## जन्मदिन का जश्न तलवार के संग पुलिस ने नाबालिगों को दी नसीहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर में एक हैरान करने वाला वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसमें करीब एक दर्जन से ज्यादा किशोर एक बड़े केक को तलवार से काटते हुए नजर आ रहे हैं। घटना का स्थान किले का मैदान बताया जा रहा है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि लड़के तलवार लहराते हुए जन्मदिन का जश्न मना रहे हैं, मानो किसी फिल्मी सीन की नकल कर रहे हों। वीडियो के सामने आते ही कोतवाली पुलिस हरकत में आई। थाना प्रभारी उपेंद्र छारी ने टीम के साथ वीडियो की जांच शुरू की और फुटेज में नजर आने वाले युवकों की पहचान की। पुलिस ने उन्हें थाने बुलाकर पूछताछ की, जिसमें यह खुलासा हुआ कि यह तलवार किसी शादी समारोह में सजावट और रस्म के लिए इस्तेमाल की जाने वाली तलवार है, जिसकी धार नहीं है। जांच में यह भी सामने आया कि इस तलवार कटिंग केक पार्टी में शामिल सभी लड़के नाबालिग हैं। तब पुलिस ने उनके भविष्य को ध्यान में रखते हुए किसी तरह की कानूनी कार्रवाई नहीं की। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों को थाने बुलाकर बच्चों के सामने ही सख्त समझाइश दी गई कि वे आगे से इस तरह की हरकत न करें, क्योंकि इससे न केवल गलत संदेश जाता है, बल्कि कानूनन भी यह जोखिम भरा है। कोतवाली प्रभारी छारी ने कहा कि अभिभावक बच्चों पर नजर रखें और उन्हें ऐसे हथियारनुमा सामान के साथ फोटो या वीडियो बनाने से रोकें। पुलिस का मानना है कि सोशल मीडिया पर दिखावा और स्टाइल के नाम पर इस तरह के स्टंट किशोरों को गलत राह पर ले जा सकते हैं।

# नपा सीएमओ ने सड़कों से गौवंश को गौशालाओं में पहुंचाना किया प्रारंभ

### रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए जनसुविधाजनक परिवहन की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

रक्षाबंधन पर्व पर जनहित में यातायात व्यवस्था को सुगम रखने के उद्देश्य से कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल भदौरिया ने नगर पालिका कर्मचारियों को सड़को से गौवंश को गौशालाओ में पहुंचाने के लिए निर्देशित कर दिया है। जिसके पालन में नगरीय प्रशासन द्वारा शहर की सड़कों पर घूम रहे निराश्रित गोवंशों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की विशेष मुहिम शुरू कर दी गई है। रक्षाबंधन के पावन पर्व को दृष्टिगत रखते हुए यह कार्रवाई प्राथमिकता से की जा रही है।

बीते कई दिनों से शहर के प्रमुख मार्गों, खासतौर पर कुंडेश्वर रोड पर बड़ी संख्या में गोवंश और मवेशी सड़क के बीच में बैठे देखे जा रहे थे,



जिससे आवागमन बाधित हो रहा था और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया था। हाल ही में कलेक्ट्रेट परिसर के पास एक जेसीबी वाहन की टक्कर से एक गोवंश की मौत हो गई थी। इसके अलावा शहर के विभिन्न चौराहों पर भी मवेशियों की मौजूदगी से कई बार हादसों की स्थिति बन चुकी है। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका के कर्मचारियों ने निकाय के पशु वाहन के माध्यम से इन निराश्रित गोवंशों को सुरक्षित रूप से अतिशय क्षेत्र पपौरा की गौशाला में पहुंचाना करना शुरू कर दिया है। यह पहल न केवल सड़कों को दुर्घटनामुक्त बनाएगी, बल्कि बरसात के मौसम में खुले में बैठे इन मूक प्राणियों को भी सुरक्षित आश्रय प्रदान करेगी। साथ ही नगर पालिका के अधिकारियों ने पशु पालको से अपील की है कि वे सड़कों पर मवेशियों को छोड़ने से बचें और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर रखने में सहयोग करें। प्रशासन का मानना है कि इस कदम से न केवल शहर की व्यवस्था सुधरेगी बल्कि त्योहार के समय सड़क हादसों पर भी अंकुश लगेगा।

### न्यायिक-विभाजन योजना के खिलाफ तहसीलदारों ने धरना स्थल पर विधायक को सौंपा ज्ञापन

## समस्याओं का निराकरण न होने तक हम राजस्व संघ के साथः यादवेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

न्यायिक और गैर-न्यायिक कार्यों के विभाजन की योजना के खिलाफ टीकमगढ़ कलेक्ट्रेट परिसर में राजस्व अधिकारियों का धरना लगातार जारी है। शुक्रवार को आंदोलन को मजबूती देने के लिए कांग्रेस विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला धरना स्थल पर पहुंचे और तहसीलदारों की मांगों का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम पत्र भेजने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर विधायक यादवेन्द्र सिंह ने आश्वासन देते हुए कहा कि राजस्व अधिकारी संघ की मांगो को पूरा करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, मुख्य सचिव एवं राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर अवगत कराया जायेगा। विधायक यादवेन्द्र सिंह ने राजस्व अधिकारी संघ को आश्वास्त करते हुए कहा कि आपकी समस्या का निराकरण ना होने तक हम आपके साथ खड़े रहेंगे। तहसीलदार सत्येंद्र सिंह गुर्जर



ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सभी नायब तहसीलदार, एसएलआर और आरआई काम से विरक्त होकर जिला मुख्यालय पर उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन को पटवारी संघ का भी पूरा समर्थन मिल रहा है। आंदोलनरत तहसीलदारों का आरोप है कि शासन ने पहले दिए गए आश्वासनों को तोड़ते हुए न्यायिक-विभाजन योजना को प्रदेश के नौ और जिलों में लागू कर दिया है। इससे राजस्व न्यायालयों का विलय हो रहा है और संसाधनों की कमी के चलते कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। 6 अगस्त से धरने पर बैठे तहसीलदारों और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने आपदा प्रबंधन को छोड़कर अन्य सभी कार्य ठप कर दिए हैं। शासन से आश्वासन मिलने पर 20 जुलाई को विरोध स्थगित कर दिया गया था, लेकिन योजना के विस्तार और शर्तों के उल्लंघन के बाद 3 अगस्त को हुई प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में पुनः विरोध शुरू करने का निर्णय लिया गया। पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रभान समारी ने कहा कि विभाजन योजना से राजस्व कार्यों में अव्यवस्था बढ़ेगी। इसलिए पटवारी संघ भी तहसीलदारों की हर जायज मांग के साथ हैं और अंत तक साथ रहेंगे। उन्होंने कहा मांग करते हुए कि न्यायिक और गैर-न्यायिक कार्यों के विभाजन की योजना तुरंत वापस ली जाए। कार्यपालिक दंडाधिकारी की शक्तियां किसी अन्य विभाग को सौंपी जाएं। गैर-न्यायिक राजस्व अधिकारियों को पर्याप्त स्टाफ और संसाधन उपलब्ध कराए जाएं।

धरना स्थल पर बड़ागांव तहसीलदार पलक कुमार जैन, लिधौरा तहसीलदार ओपी गुप्ता, मोहनगढ़ तहसीलदार रमेश परमार सहित पटवारी संघ के कई सदस्य और पदाधिकारी मौजूद रहे।

आईजी ने बल्देवगढ़ में किया हेल्पडेस्क का शुभारंभ

## सागर जोन के अन्य जिले भी अपनाएं टीकमगढ़ मॉडलः आईजी खन्ना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों से आमजन को बचाने और पीड़ितों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में जिला पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पुलिस महानिरीक्षक आईजी डॉ. हिमानी खन्ना और पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने बल्देवगढ़ थाने में साइबर हेल्प डेस्क का भव्य उद्घाटन किया।

उद्घाटन समारोह में आईजी डॉ. खन्ना ने जिला पुलिस की इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए इसे जन-हितैषी और दूरदर्शी कदम बताया। उन्होंने सागर ज़ोन के अन्य जिलों में भी जिले के इसी मॉडल को अपनाने के




निर्देश दिए हैं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि साइबर अपराध आज सबसे तेज़ी से फैलने वाला अपराध है। इससे बचाव का सबसे बड़ा हथियार जागरूकता ही है। आईजी डॉ हिमानी खन्ना ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि न तो कोई बैंक अधिकारी कभी ओटीपी या गोपनीय जानकारी मांगता है, और न ही डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई वैधानिक प्रक्रिया अस्तित्व में है। इसलिए ऐसे कॉल से बचने का प्रयास करें। साथ ही किसी भी अंजान नंबरों से आने बाली फाइलो को डाऊनलोड करने से भी सचेत रहे। क्योंकि फाइल डाऊनलोड के माध्यम से भी साइवर क्राइम किया जा रहा है। उन्होंने जनता से अपील की कि किसी भी संदिग्ध फोन कॉल, मैसेज या ऑनलाइन गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। जिससे साइवर क्राइम को लेकर पुलिस द्वारा बिना किसी देरी के कार्यवाही की जा सके। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने बताया कि जिले के हर थाने में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित की जा रही है। इन डेस्क पर प्रशिक्षित पुलिस अधिकारी और कर्मचारी जिले के नागरिकों की समस्याओं का समाधान करेंगे। साथ ही, इनके माध्यम से समय-समय पर जागरूकता अभियान और प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे, ताकि लोग साइबर ठगी से बच सकें। उक्त कार्यक्रम में बल्देवगढ़ नगर परिषद अध्यक्षा शालिनी मिश्रा, एसडीएम भारती मिश्रा, एसडीओपी राहुल कटरे, तहसीलदार अनिल गुप्ता, थाना प्रभारी प्रीति भार्गव सहित अनेक जनप्रतिनिधि आदि रहे मौजूद।

सीएम के कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट के एनआईसी केंद्र में हुआ सीधा प्रसारण

## सीएम के सिंगल क्लिक से 30 करोड़ की राहत राशि पहुंची पीड़ितों के खाते में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

सरकार के संकल्प और संवेदना के संगम का नज़ारा शुक्रवार को तब देखने मिला, जब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअल माध्यम से बाढ़ और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित 28,400 पीड़ितों के खातों में एक ही क्लिक में 30 करोड़ रुपये की राहत राशि पहुंचा दी। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिये सीधे जिलों के आपदा पीड़ितों से संवाद किया। उन्होंने साफ कहा संकट में जनता की सेवा और सहायता करना ही सरकार का धर्म है। उन्होंने याद दिलाया कि प्रदेश के कई हिस्सों में आई अचानक बाढ़ के दौरान बचाव दलों ने अपनी जान जोखिम में डालकर कई जिंदगियां बचाईं।



कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एनआईसी केंद्र में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें विधायक पीए वीरेन्द्र सिंह परमार, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, अपर कलेक्टर पीएस चौहान, एसडीएम लोकेंद्र सिंह सरल, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर सहित बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद रहे। इस दौरान महीनों से संकट झेल रहे लोग मदद का भरोसा महसूस कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि बाढ़ के दौरान उन्होंने कई जिलों का दौरा कर राहत एवं बचाव कार्यों की खुद निगरानी की। उन्होंने यह भी चेताया कि अभी वर्षाकाल जारी है, इसलिए सभी को अधिक वर्षा की स्थिति में सतर्क रहना होगा। राहत वितरण के साथ मुख्यमंत्री ने आने वाले त्योहारों का भी जिक्र किया।

### विधायक ने विधायक प्रतिनिधि किया नियुक्त

## समस्याओं को विधायक तक पहुंचाना होगा सुगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

विधानसभा क्षेत्र खरगापुर-47 की विधायक चंदा-सुरेंद्र सिंह गौर ने अधिकृत पत्र जारी कर अमर सिंह राजपूत निवासी अंतरार को जनपद पंचायत पलेरा के अंतर्गत विधायक प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया है। विधायक चंदा सिंह गौर द्वारा जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि अमर सिंह राजपूत अब पलेरा जनपद पंचायत से जुड़े शासकीय कार्यों, बैठकों और कार्यक्रमों में विधायक का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस संबंध में शासकीय विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्धारित बैठकों में आमंत्रण के अनुसार उन्हें



सम्मिलित करें और आवश्यक सहयोग प्रदान करें। इस नियुक्ति के साथ ही अमर सिंह राजपूत अब क्षेत्र की समस्याओं और विकास कार्यों की जानकारी सीधे विधायक तक पहुंचाएंगे तथा उनके समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। जिससे पलेरा जनपद क्षेत्र की जनता को अपनी समस्याओ को विधायक तक पहुंचाने और उनके समाधान के लिए परेशान न होना पड़े।

### विधायक निधि से दी प्रजापति समाज को सामुदायिक भवन, बस्ती को पक्की सड़क

# ग्रामीणों की मांग को पूर्ण करने के लिए हम प्रतिबद्धः विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई पहल के तहत विधायक यादवेंद्र सिंह ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत मामौन में दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं का भूमि पूजन किया। इनमें प्रजापति समाज के लिए स्वीकृत 10 लाख रुपये की लागत से बनने वाला सार्वजनिक सामुदायिक भवन व बाउंड्रीवाल और हरिजन बस्ती में विधायक निधि से 4 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत सीसी रोड का निर्माण कार्य शामिल है।

सामुदायिक भवन के भूमि पूजन के अवसर पर बड़ी संख्या में प्रजापति समाज के लोग, कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। विधायक यादवेन्द्र सिंह ने कहा कि हमें आप जनता ने विधायक





बनाया है इसलिए हम जनता की मांग को पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बिधायकनिधि से स्वीकृत निर्माण कार्यो को लेकर कहा कि यह भवन न केवल समाज के कार्यक्रमों और बैठकों के लिए एक स्थायी स्थान उपलब्ध कराएगा, बल्कि गांव की सामाजिक एकजुटता और सांस्कृतिक गतिविधियों को भी नई दिशा देगा। इसके बाद हरिजन बस्ती में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। विधायक यादवेंद्र सिंह ने कहा कि यह सड़क वर्षों से क्षेत्रवासियों की मांग थी, जिसका आज शुभारंभ हो रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और तय समय सीमा में पूरा कराया जाएगा। निर्माण कार्य में अगर किसी प्रकार की कमी जनता को दिखाई देती है तो जनता बेहिचक हमसे कह सकती है। यह निर्माण कार्य जनता की देखरेख और जनता की मंशानुसार ही पूर्ण किया जायेगा। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश मिश्रा, कांग्रेस के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष गौरव शर्मा, जिला पंचायत सदस्य आशाराम यादव, जसवंत नगर पंचायत सरपंच महेंद्र सिंह बुंदेला, बहादुरपुर सरपंच रामचरण यादव, मामौन पंचायत सरपंच रामेश्वर यादव, राजाराम यादव, पहाड़ी तिलवारन से मातादीन यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण, कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक यादवेन्द्र सिंह के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इन विकास कार्यों से गांव की लंबे समय से चली आ रही जरूरतें पूरी होंगी।

### चार साल से सेंट्रल एसी बंद होने से प्रभावित हुई जिला अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था

# मरीज और स्टाफ को बीमारियां उपहार में दे रहा आईसीयू, टेबलफेन बने एसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कहने को तो जिला अस्पताल में अब मेडिकल कॉलेज स्तर की स्वास्थ्य सुविधा मुहैया हो रही है जो लोग इलाज और विभिन्न जटिल ऑपरेशन के लिए जयपुर,ग्वालियर और कोटा जाने को मजबूर हो रहे थे, अब वह श्योपुर जिला अस्पताल में ही अपना इलाज और ऑपरेशन कराकर पैसा और परेशानी से बच रहे हैं। मेडिकल कॉलेज स्तर की मिल रही इन स्वास्थ्य सुविधाओं के बीच जिला अस्पताल की लचर व्यवस्थाएं विलेन का रोल भी अदा कर रही हैं। बदहाल हो चुकी कई सौगात के नकारात्मक परिणाम स्टाफ को बीमारियां उपहार के रूप में भी देखने को मिल रहे हैं। खास कर जिला अस्पताल के जनरल आईसीयू में जहां सेंट्रल एसी विगत 4 सालों से बंद है और स्टाफ को आईसीयू की एयरटाइट व्यवस्था से संक्रमण फैलने के खतरे से दोचार होना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि कोरोना काल के समय आईसीयू विकसित करते समय जो एसी लगाए गए थे वो कोरोना काल के खत्म होने से पहले ही खराब हो चुके थे यह एसी कौनसी एजेंसी ने लगाए थे यह जानकारी तक शायद अस्पताल प्रबंधन को भी नहीं है। अलबत्ता अस्पताल प्रबंधन आइसीयू में भर्ती मरीजों को एसी के विकल्प के रूप में टेबल फैन के माध्यम से ठंडी हवा प्रदान कर रहा है। स्टाफ की माने तो मरीजों के बीच बिन आईसीयू के एयरटाइट रूम में रहने के कारण तीन एएनएम टीबी से संक्रमित हो चुकी हैं।

वर्ष 2020—21 में कोरोना महामारी को रोकने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) द्वारा जिला अस्पताल में आईसीयू यूनिट स्थापित की गई थी इस आईसीयू यूनिट को सेंट्रल एसी से जोड़ा गया था इस इकाई को भारत सरकार द्वारा भेजी गई किसी एजेंसी के माध्यम से स्थापित की गई थी महामारी के बीच जीवन रक्षक इकाई स्थापित करने वाली कंपनी कहां से आई और क्या व्यवस्थाएं कर रही थी उसे क्या सुविधा देना था इसकी जानकारी लेने का भी तब न तो किसी को समय था और न इसके अधिकार थे। लिहाजा कंपनी आईसीयू स्थापित कर चली गई उसके जाने के बाद कोरोना काल के बीच में ही सेंट्रल एसी बंद हो गए और उसे चालू करने के लिए पत्राचार अस्पताल प्रबंधन द्वारा खूब किए गए लेकिन तब से अभी तक ना तो कोई कंपनी का बंदा सेंट्रल एसी को सुधारने आया है और न ही पत्र का ठीक जवाब मिला। मजबूरी में अस्पताल प्रबंधन ने घरों दफ्तरों में लगने वाले सादा एसी और टेबल फैन लगाकर जुगाड़ से हवा की व्यवस्था तो कर दी है लेकिन यह व्यवस्था आईसीयू में भर्ती मरीजों ओर स्टाफ के लिए उल्टे बीमारियां उपहार में देने का साधन बन गई। आईसीयू में जो एसी लगते हैं वह बैक्टीरिया को बाहर निकालते हैं और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने का काम करते हैं जबकि साधारण एसी ऐसा नहीं करते हैं। चिकित्सा विज्ञान से जुड़े लोगों की माने तो आईसीयू के एयरटाइट रूम होने की वजह से मरीजों द्वारा स्वांस के साथ छोड़े जाने वाले बैक्टीरिया रुम में ही घूमते रहते हैं और वह स्वांस के माध्यम से दूसरे मरीजों को संक्रमित कर रहे हैं। जिससे आईसीयू में भर्ती मरीज स्वस्थ होने के बजाय उल्टे बीमार हो रहे हैं इस अव्यवस्था का खमियाजा स्टाफ को भी बीमारी उपहार में लेकर उठाना पड़ रहा है।




**आईसीयू के मरीजों को दूसरे वार्ड के बाथरूम करने पड़ रहे शेयर**

विडंबना यह है कि आईसीयू के भीतर जो शौचालय बनाया गया है वह साफ सफाई नहीं होने से बदबू फैलाकर आईसीयू का माहौल ओर अधिक खराब कर रहा है। सेंट्रल एसी बंद होने के कारण भी बदबू अधिक फैल रही है। मरीज जैसे ही शौचालय का गेट खोलते ही पूरे रूम में बदबू फैल जाती है जिसके चलते आईसीयू में भर्ती गंभीर मरीजों को भी दूसरे वार्ड में पहुंचकर शौचालय का उपयोग करना पड़ रहा है।

**इनका कहना...**

मेरी बहन गंभीर रूप से बीमार है जिनका ऑपरेशन होना है हालांकि डॉक्टर ने जिला अस्पताल में ऑपरेशन करने को बोला है लेकिन यहां आईसीयू की बदहाल व्यवस्था को देखते हुए मैं उसे जयपुर लेकर जा रहा हूं आईसीयू में एसी नहीं है और शौचालय की व्यवस्था भी नहीं है।

**ज़ाकिर खान**
**निवासी बालापुरा**

कोरोना काल में एनएचएम द्वारा आईसीयू यूनिट स्थापित की गई थी वही यूनिट सेंट्रल एसी आईसीयू को जोड़कर गई थी लेकिन सेंट्रल एसी तभी खराब हो गई थी इस संबंध में कम से कम 50 पत्र लिखे जा चुके हैं एसी ठीक नहीं हो रही है मजबूरी में सामान्य एसी लगाए गए हैं कुछ टेबल फैन भी लगाए गए हैं संक्रमण फैलने वाली बात मेरे संज्ञान में नहीं आई है।

**डॉ आरबी गोयल**
**सिविल सर्जन श्योपुर**

अगर सेंट्रल एसी काम नहीं कर रहा है और आईसीयू में कांच के गेट लगे हुए हैं हवा बाहर नहीं जा पा रही है और बाहर से ताज़ी हवा भीतर नहीं आ पा रही है तो संक्रमण फैलने स्वाभाविक है। सेंट्रल एसी चालू नहीं होने की दशा में गेट खोले जाने चाहिए अगर स्टाफ संक्रमित होने की बात कह रहा है तो उससे इनकार नहीं किया जा सकता है।

**डॉ एसके तिवारी**
**सेवा निवृत्त सिविल सर्जन**

### ट्रक में कोटा स्टोन भरकर खुद ही चला रहा था मृतक

# हाइवे पर ट्रक खडा कर बांसरैया के जंगल में फांसी पर लटका ट्रक मालिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

एक ट्रक मालिक ने बीती रात को संदिग्ध परिस्थितियां के बीच बांसरैया के जंगल में नीम के पेड से लटककर फांसी लगा ली है। जबकि उसका कोटा स्टोन से भरा ट्रक पास ही गुजरे श्योपुर शिवपुरी हाइवे पर खराब स्थिति में खडा मिला है। ट्रक मालिक खुद कोटा से ट्रक को चलाकर ला रहा था। यह मामला सेसईपुरा थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर मर्ग दर्ज कर फांसी पर लटकने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक ग्वालियर जिले के घाटीगांव थाना क्षेत्र के गांव जखोदा निवासी उमेश रजक 29 वर्ष पुत्र पतराम रजक गुरूवार को राजस्थान के कोटा से कोटा स्टोन भरकर ग्वालियर तरफ जा रहा था। इस ट्रक का मालिक उमेश रजक ही है और वह खुद ही इस ट्रक को चलाकर ला रहा था। बीती शाम को बांसरैया गांव के पास ट्रक में कुछ खराबी आ गई और ट्रक बंद हो गया। जिसकी सूचना उसने अपने भाई को दी। जब शुक्रवार की सुबह उसका भाई मिस्त्री लेकर ट्रक के पास पहुंचा तो उमेश रजक ट्रक पर नहीं मिला। आसपास जंगल में तलाश करने पर उमेश का शव हाइवे से करीब 50 मीटर अंदर जंगल में नीम के पेड से फांसी के फंदे पर लटका मिला है। सूचना मिलने के बाद सेसईपुरा थाना प्रभारी जेपीएस जादौन पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस की प्रारंभिक जांच के दौरान मामला आत्महत्या का ही सामने आया है।



**इनका कहना..**

प्रथम दृष्टया मामला खुद ही फांसी लगाए जाने का लग रहा है। फिलहाल पीएम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**जेपीएस जादौन**
**थाना प्रभारी,सेसईपुरा**

**भाई को फोन कर बताया ट्रक खराब हो गया,मिस्त्री लेकर आ जाओ**

मृतक के भाई मनीष रजक ने बताया कि रात को उसकी उमेश से बात हुई थी। उमेश ने ही उसे फोन करके बताया था कि ट्रक में खराबी आ गई है,तुम मिस्त्री लेकर आ जाओ। इसके बाद मै आज सुबह मिस्त्री लेकर यहां पहुंचा तो ट्रक सूना खडा मिला। तलाश किया तो यह पेड से फांसी पर लटका मिला है।

# गला दबाकर पत्नी की हत्या करने वाले पति को आजीवन कारावास

**श्योपुर न्यायालय ने सुनाया फैसला,10 हजार का अर्थदंड भी लगाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

पत्नी की गला दबाकर हत्या करने वाले आरोपी पति को श्योपुर के प्रथम अपर सत्र न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुना दी,साथही 10 हजार रूपए का अर्थदंड लगाया है। एक साल पुराना यह मामला सेसईपुरा थाना क्षेत्र का है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव एड ने की है।



जानकारी के मुताबिक गत 17 मई 2024 को सेसईपुरा थाना क्षेत्र के सिलोरी के सहराने में यह घटना तब घटित हुई,जब रामअवतार आदिवासी ने अपनी नव विवाहिता पत्नी मोमबत्ती आदिवासी की घरेलू विवाद के दौरान गला दबाकर हत्या कर दी। जांच के बाद सेसईपुरा थाना पुलिस ने इस मामले में पति रामअवतार के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया और विवेचना उपरांत चालान श्योपुर न्यायालय पेश किया। विचारण के दौरान न्यायालय ने आरोपी रामअवतार आदिवासी को दोषी मानते हुए उसे आजीवन कारावास और 10 हजार के रूपए जुर्माने की सजा सुना दी।

# अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत, फीका हुआ तीन परिवारों का त्यौहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

जिले में तीन अलग अलग स्थानों पर घटित हुए सडक हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। रक्षाबंधन के ठीक पहले हुए इन हादसों ने एक साथ तीन परिवारों का रक्षाबंधन का त्यौहार फीका कर दिया है। दो लोगो की मौत तो मानपुर थाना क्षेत्र में सडक हादसो के दौरान हुई है। जबकि तीसरे व्यक्ति की मौत बडौदा थाना क्षेत्र में जीप की टक्कर लगने से हो गई।

मानपुर टीआई पीएस यादव ने बताया कि गुरूवार की देर शाम को ग्राम सामरसा के पास बाइक सवार भूरिया पुत्र हरलाल बंजारा निवासी सौभागपुरा को एक आटो ने टक्कर मार दी,हादसे में भूरिया बंजारा की मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी घायल हो गई। दूसरा हादसा चंबल नहर रोड पर चकबमूलिया गांव के पास घटित हुआ,जहां अज्ञात वाहन की टक्कर से दीपक आदिवासी निवासी करीरिया थाना किशनगंज जिला बारां राजस्थान की मौत हो गई। उधर बडौदा टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि बडौदा के वार्ड क्रमांक 12 निवासी रामचंद्र बैरवा पुत्र गनपत बैरवा को एक जीप ने बीती रात को बांडीखेडा गांव के बस स्टैंड के पास उस समय टक्कर मार दी,जब वह बाइक को साइड में खडी करके टॉयलेट कर रहा था। जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में रामचंद्र बैरवा की मौत हो गई। इन तीनों के शवों का शुक्रवार को जिला अस्पताल में पीएम किए जाने के बाद उनके शव परिजन को सौंपे गए है।

# पूर्व राज्यपाल सत्यपाल सिंह की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**श्योपुर।** जम्मू कश्मीर सहित 5 राज्यों के राज्यपाल रहे सत्यपाल सिंह मलिक को सँयुक्त किसान मोर्चा ने शुक्रवार को श्रद्धांजलि दी। सँयुक्त किसान मोर्चा के जिला संयोजक अनिल सिंह ने सत्यपाल सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें एक ईमानदार सहज सरल निडर संवेदनशील और किसानों का हमदर्द नेता बताते हुए कहा कि किसान आंदोलन में राज्यपाल पद पर रहते हुए उनके द्वारा किसानों के पक्ष में निडरता से रखे गए उनके विचारों की प्रशंसा की। जम्मू कश्मीर राज्यपाल रहते हुए उन्होंने वहां के आम कश्मीरी जन में अपने कार्यों की वजह से बनाई जगह के कारण धारा 370 को बहुत सहजता से हटाने की कार्यवाही उनकी प्रशासनिक क्षमता का परिचायक था। इस दौरान ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय केडर प्रभारी लक्ष्मण सिंह गुर्जर,कॉंग्रेस नेता दौलत रामगुप्ता, विजय शंकर एडवोकेट नरेंद्र सांगवान होतम सिंह आदि ने भी श्रद्धांजलि सभा में अपने विचार रखे। सभा के अंत मे 2 मिनट का मौन रखकर स्वर्गीय सत्यपाल सिंह की आत्मशांति की कामना की। श्रद्धांजलि सभा मे सरदार वरियाम सिंह, मदन मीणा, जसवंत मीणा , ओपी मीणा, राहुल मीणा सिरसौद, लखन माहौर,जीतू जाट, राहुल राणा, डॉ गिर्राज सुमन , शिशुपाल मीणा , रवि जाट, अजित सिंह, बलविंदर सिंह, जोधवीर सिंह, सुखचैन सिंह रामु शिवहरे, हरचरण सिंह सुग्रीव मीणा आदि किसान मौजूद थे।

# सूने मकान में चोरी करने वाला चोर दबोचा

**श्योपुर।** जैनी गांव में एक सूने मकान में चोरी करने वाले चोर को मानपुर थाना पुलिस ने दबोच लिया है। पुलिस ने चोर के कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद कर लिया है। टीआई मानपुर पीएस यादव ने बताया कि ग्राम जैनी निवासी शिवम मीणा अपने परिवार सहित जैनी में मौजूद मकान का ताला लगाकर जयपुर में रहने लग गए है। उनके जाने के बाद सूने हुए मकान में चोरी की वारदात घटित हो गई। जिसका पता जयपुर से लौटने पर शिवम मीणा को लगा तो उन्होने थाने आकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। चोरी के दौरान करीब 90 हजार रूपए माल मशरूका चोरी गया था। चोरी की एफआईआर दर्ज करते हुए चोर की तलाश शुरू की गई है और मुखबिर तंत्र की सक्रियता के बूते चोर की पहचान विष्णु मीणा निवासी जैनी के रूप में करते हुए उसे दबोच लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने चोरी की वारदात को अंजाम देना न सिर्फ कबूल कर लिया है,बल्कि उसकी निशानदेही पर चोरी का माल भी बरामद कर लिया गया है।

# एफआईआर के खिलाफ़ कांग्रेस ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

विगत दिनों सलापुरा चंबल नहर पुल के पास धरना प्रदर्शन के दौरान जाम किए गए हाईवे प्रकरण में युवा कांग्रेस नेताओं पर एफआईआर दर्ज होने के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष अतुल चौहान के नेतृत्व में युवा कांग्रेस ने शुक्रवार को एसपी वीरेंद्र जैन को आवेदन देकर की गई एफआईआर को लोकतांत्रिक तरीके से किए जाने वाले प्रदर्शन को दबाने की नीति बताते हुए तत्काल निरस्त करने के नाम की है।



युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राम भरत मीणा ने एसपी वीरेंद्र जैन को बताया कि विगत दिनों जनता की जायज मांग को लेकर ग्रामीणों के साथ युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता और सीनियर लीडर भी धरने पर बैठे थे भाजपा नेताओं के इशारे कांग्रेस के साथियों पर एफआईआई दर्ज करवाई गई है जो अनुचित और लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी बात रखने के लिए दिए गए अधिकार के तहत किए जाने वाले प्रदर्शन को दबाने की गरज से उठाया गया कदम है। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने एसपी को बताया कि उन्होंने कोई जाम नहीं लगाया प्रदर्शन के चलते किसी को परेशानी नहीं उठानी पड़ी है हमारे ऊपर दर्ज की गई एफआईआर तत्काल निरस्त की जाए। इस दौरान पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता, श्याम चंद्रपुरा, राममिलन मीणा सोंईकलां, नरेश मीणा, अभिषेक मीना, रुबीना खान आदि मौजूद रहे।

### इस बार रक्षाबंधन पर नहीं रहेगा भ्रदा का साया

# रक्षाबंधन का पर्व आज,बाजार से लेकर बसों तक उमड़ी भीड़, बहने पहुंची भाइयों के घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

भाई और बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार शनिवार को हर्षोंल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिसके चलते बाजार से लेकर यात्री वाहनों तक में भीड बढ गई है। शुक्रवार को राखी की खरीदारी के लिए शहर के बाजार में अच्छी खासी गहमागहमी नजर आई। वहीं शहर से ग्रामीण क्षेत्रों और अन्य शहरों में जाने वाली यात्री बसों में लोगों को बैठने के लिए जगह तक नहीं मिल पाई। जिससे बसें ओवरलोड चलती नजर आई। खास बात यह है कि इस बार रक्षाबंधन पर्व पर भद्रा का साया नहीं रहेगी। इसलिए बहने दिन के समय भी राखी बांध सकती है।

शनिवार को रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा, इसकी तैयारियों को लेकर पिछले एक सप्ताह से बाजार में रौनक बनी हुई है, जो अब अपने शबाव पर है। शुक्रवार को शहर के मुख्य बाजार में राखी पर्व की तैयारी के लिए खरीदारों की आमद अचानक बढ़ गई, जिससे मुख्य बाजार में पैदल चलना भी दूभर हो गया। रक्षाबंधन के त्योहार के लिए बाजार में लोगों की आमद से राखी, कपड़ों एवं मिठाईयों के व्यवसायी भी काफी खुश नजर आए। हालांकि मुख्य बाजार में जाम की स्थिति न बने,इसके लिए पुलिस के द्वारा प्रबंध भी किए गए थे,लेकिन दिन के समय जब खरीदारी के लिए लोगों की भीड मुख्य बाजार में पहुंची तो पुलिस के प्रबंध नाकाफी नजर आए।



**इस बार नहीं होगा भ्रदा का साया, रहेंगे दो शुभ योग**

इस साल रक्षाबंधन के दिन कई सालों बाद भद्रा का साया नहीं होगा। साथ ही रक्षाबंधन के दिन इस बार सौभाग्य और शोभन नाम के दो शुभ योग भी रहेंगे। इसके साथ ही सर्वार्थसिद्धि योग भी इस दिन बनेगा। इन शुभ योगों के चलते रक्षाबंधन के दिन न केवल राखी बांधना शुभ माना जाएगा बल्कि अन्य शुभ कार्य भी इस दिन किए जा सकते हैं। जिसके चलते यह त्योहार और भी खास बन जाएगा।

**जेल में बंद भाइयों को भी राखी बांध सकेगी बहनें,जेल प्रशासन देगा पूजा की थाली**

जिला जेल में बंद बंदियों को उनकी बहने राखी बांधने के लिए पहुंच सकती है। इसके लिए जेल प्रशासन ने दिशा निर्देश जारी कर दिए है। जेल अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि जो बहने जेल में बंद अपने भाईयों को राखी बांधने के लिए पहुंचेगी,उन्हें पूजा की थाली जेल प्रशासन की ओर से उपलब्ध कराई जाएगी। जिसमें हल्दी, कुमकुम, चावल आदि सामग्री रहेगी। जेल अधीक्षक ने बताया कि रक्षाबंधन पर खुली मुलाकात का समय सुबह 8:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। राखी बांधने के लिए जो महिलाए आएगी,उन्हें पहचान के लिए आधारकार्ड सहित अन्य जरूरी दस्तावेज साथ में लाने होगे। इस दौरान बंदियों के परिवार की सिर्फ महिला सदस्यों एवं 6 साल से कम आयु के बच्चों को ही मुलाकात के लिए प्रवेश दिया जाएगा। राखी बांधने के लिए अधिकतम समय 10 मिनिट निर्धारित किया गया है। बंदियो से मुलाकात के दौरान केवल मिठाई गजक, सोनपपडी 250 ग्राम तक की मात्रा में अंदर ले जाने की अनुमति दी जायेगी। साधारण प्रकार की राखी बंदी को राखी बांधने वाली महिला लेकर आयेगी। बंदियो से मुलाकात से आने वाली सभी बहने बाहर एकत्रित होगी, उसके उपरांत ही एक साथ मुलाकात करेगी, बार-बार एक ही बंदी को मुलाकात स्थल पर नही बुलाया जायेगा, केवल एक बार में ही मुलाकात कराई जायेगी।

# पांच दिन से अंधेरे में डूबा आधा गांव पानी के लिए भी परेशान हो रहे ग्रामीण

**डीपी के फुकने से ओछापुरा में निर्मित हुए हालात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

जिले की वीरपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम ओछापुरा का आधा हिस्सा इन दिनों गुजरे पांच-छह दिनों से अंधेरे में डूबा हुआ है। जिसकी वजह गांव की एक बिजली डीपी का फुक जाना है। खास बात यह है कि डीपी को बदले जाने के लिए कई बार ग्रामीणों ने बिजली कंपनी के अधिकारियों के अवगत करा दिया गया है। लेकिन इसके बाद भी बिजली कंपनी के अधिकारी फुंकी पडी बिजली डीपी को बदला नहीं रहे है। जिसकारण गांव में पानी की समस्या भी निर्मित हो रही है। साथही उमसभरी का कहर भी लोगो को झेलना पड रहा है।



ओछापुरा के ग्रामीणों का कहना है कि गांव के बाजार क्षेत्र में लगी बिजली डीपी करीब पांच छह दिन पहले फुंक गई। जिससे गांव के आधे हिस्से में अंधेरा छा गया और बिजली आधारित आटा चक्की सहित अन्य कई काम ठप हो गए है। यही नहीं, पानी की समस्या भी प्रभावित हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली कंपनी के अधिकारी बकाया राशि का हवाला देकर बिजली डीपी को नहीं बदला रहे है। जबकि ग्रामीणों के द्वारा कुछ राशि जमा करवा दी गई है। शेष बची राशि को ग्रामीण फसल तैयार होने पर जमा करने की बात कह रहे है,लेकिन इसके बाद भी बिजली कंपनी के अधिकारी फुकी पडी डीपी को नहीं बदला रहे है। इस संबंध में बिजली कंपनी के विजयपुर एई शशांक पांडे का कहना है कि उक्त डीपी पर 7 लाख 45 हजार रूपए की बिजली बिलों की राशि बकाया है। इसमें सिर्फ 18 हजार रूपए जमा करवाए गए है। जबकि कम से कम आधी राशि जमा होनी चाहिए। फिर भी हम डीपी को बदलाने का प्रयास कर रहे है।

# विश्व आदिवासी दिवस पर निकली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी को आदिवासियों ने नगर में रैली निकाल कर सेलिब्रेट किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई सहित आदिवासी समाज से जुड़े जन प्रतिनिधि व स्वयंसेवक मौजूद रहे।नगर में आदिवासियों द्वारा निकाली गई रैली में आदिवासी परंपरागत ड्रेस में लोक नृत्य करते दिखाई पड़े। शहर में अपने सांस्कृतिक विरासत से जुड़े वाद्ययंत्रों के साथ नृत्य करते निकले आदिवासियों का गांधी पार्क पर नगर पालिका परिषद ने माला पहनकर स्वागत किया इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुजीत गर्ग और विभिन्न पार्षद मौजूद है।



## ग्वालियर एसएफएल की टीम पहुंची, जांच के लिए एसआईटी की टीम भी गठित हो सकती है

# सेहराई के जंगल में मिले दो आदिवासियों के नर कंकाल, मौके पर पहुंचे एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत जंगल में दो आदिवासियों के नर कंकाल मिले हैं। यह नर कंकाल मिलने के बाद अभी तक यह तय नहीं हो पाया है कि उनकी मौत कैसे हुई। घटना की गंभीरता को लेकर एसपी विनीत कुमार जैन मौके पर पहुंचे और दो घण्टे तक लगातार मौके का निरीक्षण किया। ग्वालियर से एसएफएल की टीम को भी बुलाया गया। इस घटना की जांच पडताल में पुलिस जुटी है। दोनों नर कंकालों को पीएम रिपोर्ट के बाद शिवपुरी मेडीकल कॉलेज में जांच के लिए भेजा जाएगा।

पूरे मामले की कहानी यह है कि जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत रामचरण आदिवासी और शिवलाल आदिवासी बिजौरी गांव के रहने वाले हैं। रामचरण पुत्र फग्गा आदिवासी उम्र 38 साल और शिवलाल पुत्र भुल्ला आदिवासी उम्र 40 साल शामिल हैं। इन दोनों के शव सेहराई थाने के अंतर्गत मुल्ला खो की पहाड़ी के जंगल में तेंदु पत्ता के पेड़ के नीचे नर कंकाल के रूप में मिले हैं। पेड से दो लाल कपडे भी बंधे हुए पाए गए हैं। इन दोनो के गुम होने की गुमसुदगी बहादुरपुर थाने में 4 अगस्त को दर्ज कराई गयी थी। यह



दोनों आदिवासी अपने घर से 18 जून से लापता थे। जो जानकारी सामने आई है उसमें बताया गया है कि वह मजदूरी का काम करने के लिए बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम गदूली में मुजाहिद के यहां पर गये थे। अचानक काम करते-करते लापता हो गए थे। जिस व्यक्ति के यहां पर वह मजदूरी का काम करते थे उसके द्वारा वहां से चले जाने की जानकारी उसके परिवारजनों को भी दी गई थी। इसी बीच मुंगावली पुलिस को सूचना ग्रामीणों के द्वारा दी गई थी कि जंगल में दो नर कंकाल पड़े हैं। इस सूचना के बाद घटना की जानकारी से मुंगावली पुलिस को अवगत कराया गया। जिसके बाद मुंगावली पुलिस ने पूरी घटना की जानकारी से एसपी एवं अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक विनीत कुमार जैन को अवगत कराया। जिसके बाद एसपी मौके पर पहुंचे और दो घण्टे तक लगातार सभी पहलुओं पर जांच की गई। उधर दूसरी ओर ग्वालियर अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक द्वारा एसएफएल की टीम के रूप में अखिलेश भार्गव और तौमर को जांच के लिए भेजा। जिनके द्वारा मौके पर बारीकी से जांच की गई।

### शिवपुरी मेडीकल कॉलेज में कराया जा रहा है पोस्टमार्टम

एसपी विनीत कुमार जैन ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि दो डैड बॉडी मुल्ला खो की पहाड़ी के जंगल में पड़ी हैं। जिसके बाद मौके पर जांच पड़ताल की गई। एसएफएल की टीम भी मौके पर पहुंची। डैड वॉडी बरामद कर इन्हे शिवपुरी के मेडीकल कॉलेज में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहां इस तरह के एक्सपर्ट हैं जिनके द्वारा पीएम किया जाएगा। इस पूरे मामले में जांच सेहराई थाने की पुलिस कर रही है और मुंगावली तथा सेहराई पुलिस को भी जरूरत पड़ने पर जांच में लगाया जा रहा है। क्योकि मृतक मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम बिजौरी के रहने वाले थे। गुमसुदगी बहादुरपुर थाने में दर्ज हुई है और शव सेहराई के जंगल में मिले हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। जरूरत पड़ने पर टीम भी गठित की जाएगी।

## योगदान के प्रति जागरूक करने का प्रयास

# रामनगर में महापुरुषों के नाम पर गलियों का नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा



शिवपुरी जिले के करैरा अनुविभाग में स्थित ग्राम रामनगर गधाई एक अनूठा उदाहरण बन गया है, जहां गांव के जागरूक युवा धीरज हरनामसिंह रावत के नेतृत्व में महापुरुषों और शहीदों की विचारधारा को जीवंत रखने की अनोखी पहल की गई है। धीरज ने गांव की सभी गलियों का नामकरण महापुरुषों और शहीदों के नाम पर करवाकर न केवल अपनी देशभक्ति का परिचय दिया, बल्कि भावी पीढ़ियों को स्वतंत्रता संग्राम और महान व्यक्तित्वों के योगदान के प्रति जागरूक करने का सराहनीय प्रयास किया है। गांव की गलियों में अब महारानी लक्ष्मी बाई, डॉ. भीमराव अंबेडकर, गोस्वामी तुलसीदास, श्री राम राजा, और महाराजा खेत सिंह खंगार जैसे महान व्यक्तित्वों के नाम बोर्डों पर अंकित हैं, जो हर आने-जाने वाले को प्रेरणा देते हैं। इसके अलावा, गांव के खेल मैदान का नाम महाराणा प्रताप मैदान रखा गया है, जो युवाओं में देशभक्ति और साहस की भावना को और सुदृढ़ करता है। धीरज के इस प्रयास में गांव वालों ने भी कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग किया, जिससे यह पहल सफल हो पाई। यह कार्य न केवल गांव की पहचान को नया आयाम देता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि युवा शक्ति सामूहिक प्रयासों से समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकती है।

### यह एक सामाजिक जागरूकता का प्रतीक है

धीरज हरनामसिंह रावत का यह प्रयास सिर्फ गलियों का नामकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक जागरूकता का प्रतीक है, जिसका उद्देश्य युवाओं और आने वाली पीढ़ियों में महापुरुषों के आदर्शों और उनके बलिदान को जीवित रखना है। गांव के हर कोने में लगे बोर्ड न केवल स्थानीय लोगों को, बल्कि बाहरी व्यक्तियों को भी स्वतंत्रता संग्राम के नायकों और महान विचारकों के योगदान की याद दिलाते हैं। धीरज ने गांव में देशभक्ति की अलख जगाने के लिए जन सहयोग को आधार बनाया और अपने अथक परिश्रम से इस सपने को साकार किया। ग्रामीणों का उत्साह और सहयोग इस पहल की सफलता का मुख्य आधार रहा। इस कार्य ने रामनगर गधाई को एक प्रेरणादायी मिसाल के रूप में स्थापित किया है, जहां युवा न केवल अपने इतिहास से जुड़े हैं, बल्कि उसे भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। यह पहल अन्य गांवों के लिए भी एक प्रेरणा है कि कैसे छोटे-छोटे प्रयासों से समाज में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। धीरज और उनके सहयोगियों का यह प्रयास साबित करता है कि जब युवा और समुदाय एकजुट होकर किसी नेक उद्देश्य के लिए काम करते हैं, तो परिणाम न केवल प्रभावशाली होते हैं, बल्कि समाज को एक नई दिशा भी प्रदान करते हैं।

## गो सेवकों ने नाले में फंसे बैल को सुरक्षित बाहर



**बीना।** बिलगैया वार्ड के नाले में फंसे बैल को गो सेवकों ने बड़ी संघर्ष के बाद सुरक्षित बाहर निकाला और उसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। गौ सेवा दल के सदस्य राजेंद्र यादव कि स्थानीय लोगों के द्वारा सूचना मिली थी बिलगैया वार्ड में गुरुवार की रात से एक बैल नाले में फंसा हुआ है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर गौ सेवा दल द्वारा नाले में फंसे हुए बैल को सुरक्षित बाहर निकाला गया एवं उपचार किया गया। उपचार के बाद उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ा गया। गो सेवा दल के सदस्य राजेंद्र यादव के अलावा प्रीत यादव, पुष्पेंद्र अहिरवार, अंशुल राय, विनय यादव आदि स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## आईपीएस डॉ जाखड़ ने एसडीओपी का पदभार संभाला



**दिनारा।** करैरा गत दिवस अनुविभागीय अधिकारी पुलिस करैरा के पद पर डॉ आयुष जाखड़ (कढर)ने पदभार संभाल लिया। डॉ जाखड़ अभी धार जिले में (परवीक्षाधीन) सहायक पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ थे। वे 2022 बैच के आईपीएस अधिकारी है। श्रीगंगानगर राजस्थान के निवासी डॉ जाखड़ ने वर्ष 2018 में एम्स जोधपुर से एमबीबीएस की डिग्री हासिल करने के पश्चात यूपीएससी की तैयारी की। तैयारी के दौरान ही 2019 में रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स भी ज्वाइन किया। यूपीएससी में 174 वी रैंक हासिल कर आईपीएस के पद पर चयन होने के बाद उन्हें मध्यप्रदेश कैडर मिला और धार जिले में सहायक पुलिस अधीक्षक के रूप में पदस्थ रहकर कार्य किया। हाल ही में करेरा में पदस्थ एसडीओपी शिव नारायण मुकाती को भोपाल में पदस्थ किया है। उन्ही के स्थान पर डॉ जाखड़ ने पदभार संभाला है। डॉ जाखड़ के पिता दिलीप जाखड़ भी रिटायर आईपीएस अधिकारी रहे है। इनकी पत्नी भी 2022 बैच की आईपीएस अधिकारी है, उन्होंने कहा कि आमजन सुरक्षित महसूस करे यही हमारी प्राथमिकता रहेगी।

## निबंध प्रतियोगिता आयोजित

# हम अपनी प्रतिभा का योगदान देश हित में करें- आशीष गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



गर्ल्स कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन एवं क्रांतिकारी विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। आजादी महोत्सव के अंतर्गत यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ चंदा रत्नाकर ने कहा कि आजादी महोत्सव प्रत्येक नागरिक के लिए सुखद अनुभूति का महोत्सव है।

हम सभी का कर्तव्य है कि हम देश सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहें। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ रश्मि जैन ने कहा भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के क्रांतिकारियों का ऋण हम देश के विकास में सहयोगी बनकर चुका सकते हैं। डॉ उमा लवानिया ने कहा भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के क्रांतिकारियों की रग रग में मातृभूमि का प्रेम बसा हुआ था। कार्यक्रम प्रभारी डॉ आशीष गुप्ता ने कहा हम अपनी प्रतिभा का योगदान देश हित में करें यही हमारा राष्ट्रप्रेम है। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार आरती ठाकुर अतिथि विद्वान वाणिज्य ने किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम वेदिका, द्वितीय मुस्कान कुशवाहा एवं तृतीय स्थान पर सुरुति दांगी, दीक्षा तिवारी एवं राधा कुशवाहा रही।

### करंट लगने से युवक की मौत, परिजनों ने किया चक्का जाम

**अशोकनगर।** चंदेरी नगर से लगभग 20 किलोमीटर दूर बामोर में मजदूरी करने गए युवक को काम करते समय करंट लग गया जिसके बाद घटनास्थल से युवक को चंदेरी सिविल अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों को बताया गया कि युवा के को करंट लग गया है जिसके बाद डॉक्टरों ने उसको देखा तो युवक की मृत्यु हो चुकी थी। इस घटना के विरोध में परिजनों ने अस्पताल के बाहर जाम लगाया। जिसके बाद अस्पताल में पुलिस को तहरीर भेजी तब अस्पताल में पुलिस पहुंची। लेकिन यहां परिजनों ने 20 वर्षीय निखिल पुत्र मुकेश बरार का शव अस्पताल के सामने बीच सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया। परिजनों का आरोप है कि हमें किसी व्यक्ति द्वारा बताया गया कि तुम्हारे बच्चे की अस्पताल में मौत हो गई है। जिसके बाद हम वहां से भाग कर अस्पताल आए। जहां हमारा लड़का मृत अवस्था में मिला है। लेकिन अभी तक हमें यह पता नहीं लगा कि आखिर हमारे बेटे की मौत कैसे हुई और यह अस्पताल में कौन छोड़कर गया है। इसको लेकर परिजनों द्वारा चक्का जाम कर दिया गया है। फिलहाल खबर लिखे जाने तक सड़क पर चक्का जाम लग रहा।

## नगर पालिका में अध्यक्ष, पार्षदों के साथ हुई बैठक

# रक्तदान महा अभियान को सफल बनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

### ब्रह्माकुमारीज़ का प्रतिनिधिमंडल भी रहा मौजूद




नगर पालिका, ब्रह्माकुमारीज़ और सामाजिक संगठनों के संयुक्त प्रयास से बीना में 23 अगस्त को होने वाले रक्तदान महाअभियान को लेकर नगर पालिका कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। इसमें नपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी पार्षद और ब्रह्माकुमारीज़ का प्रतिनिधिमंडल मौजूद रहा। इस दौरान सभी ने सर्व सहमति से रक्तदान अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### रक्तदान अवश्य करें

बैठक में नपाध्यक्ष लता सकवार ने कहा कि यह गर्व की बात है कि ब्रह्माकुमारी बहनों के द्वारा नगर में बड़े स्तर पर रक्तदान महाअभियान चलाया जा रहा है। इसमें नगर पालिका का पूरा सहयोग रहेगा। मेरा नगरवासियों से आग्रह है कि रक्तदान अवश्य करें। आपका रक्तदान किसी का जीवनदान बन सकता है। हर स्वस्थ व्यक्ति को, महिला-पुरुष सभी को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। नपा का पूरा अमला इस अभियान को सफल बनाने में प्रयासरत है। नपा उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैंया ने कहा कि ब्रह्माकुमारी बहनों की सामाजिक सेवाएं सराहनीय हैं। नगर पालिका, सामाजिक संगठनों और ब्रह्माकुमारीज़ के संयुक्त प्रयासों से नगर में इतने बड़े स्तर पर रक्तदान अभियान चलाया जा रहा है। इसमें सभी को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। सेवाकेंद्र संचालिका बीके सरोज दीदी ने ज्यादा से ज्यादा लोगों से रक्तदान करने का आह्वान किया। वर्ल्ड रिकार्ड बनाने की तैयारी जारी- वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके जानकी ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज़ की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि (25 अगस्त 2025) विश्व बंधुत्व दिवस के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा भारत सहित नेपाल में रक्तदान महाअभियान चलाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड बनाने की तैयारी की जा रही। इस महाअभियान का राष्ट्रीय शुभारंभ 17 अगस्त को नईदिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा द्वारा किया जाएगा। राष्ट्रीय शुभारंभ के बाद भारत व नेपाल में रक्तदान शिविरों की शुरूआत की जाएगी। इसके बाद संस्थान के देशभर में स्थित छह हजार से अधिक सेवा केंद्रों पर एक साथ 22,23,24 और 25 अगस्त के बीच विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। अभियान के तहत एक लाख यूनिट रक्तदान का संकल्प लिया गया है। इस मौके पर पार्षद भारती राय, जितेंद्र बोहरे, शुभम तिवारी, नवीन साहू सहित अन्य पार्षद, समाज सेवी गोल्डी अरोरा, एडवोकेट जितेंद्र राजपूत नगर पालिका स्टाफ उपस्थित रहा।



# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपे 57 पौधे


हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार अशोकनगर जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान संचालित किया जा रहा है।इसी क्रम में मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर उपस्थिति में गुरूवार को ओड़यिा कृषि फार्म हाउस रॉवसर खालसा के पास 57 फलदार एवं छायादार लगाए गये।इन पौधों की लालन पालन की जिम्मेदारी बलवीर सिंह यादव ने अपने जन्मदिन के अवसर पर ली। इस दौरान प्रस्फुटन नर्सरी का निरीक्षण किया। नर्सरी तैयार करने जिन श्रमदानियों ने श्रमदान किया उनको पौधा देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात हर घर तिरंगा,हर घर स्वच्छतारू स्वतंत्रता का उत्सव ,स्वच्छता के संग अभियान का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ,नर्सरी संरक्षक बलवीर सिंह यादव ,युवा समाजसेवी इंजीनियर राहुल यादव, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि जगदीश यादव, भूपेंद्र रघुवंशी, सुनील कुमार सेन शिवकांत चोपड़ा आदि रहे मौजूद।

## भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा का हुआ तिलक दान

# 'पेड़ को लोग पत्थर मारते हैं और वह तुम्हारे लिए फल दे देता है'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत मुनिश्री सुधासागर जी महाराज ने एक धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे ही नहीं आ जाता राम राज्य। राम राज्य में पेड़ को लोग पत्थर मारते हैं और वह तुम्हारे लिए फले देता है। हम आज एक दूसरे को पसंद तक नहीं कर रहे जहां हिल मिल कर रहा जाता है वहां राम राज्य आता है। सच्चा भगवान अपने चेले को देख कर खुश होता है कि मेरा चेला आगे निकल गया। हनुमान जी को श्रीरामचन्द्र जी से क्या मिला। आज संसार में किसके मन्दिर ज्यादा है श्रीराम के या संकटमोचन हनुमान जी के आप ही बताइये श्रीराम ने पत्थर डाला तो डूब गया और हनुमान जी राम का नाम लिखकर पत्थर डालते हैं तो तैरता चला जाता है ये क्या हैं भक्ति श्रद्धा और समर्पण ही तो है जो पत्थर को भी तैयार देता है।

उन्होंने कहा कि परमार्थ के साथ मैं थोड़ा संसार भी सुधारता हूं प्रभु का दरबार गन्दा न हो जाए। आपके मन्दिर आने से इसलिए मैं मन्दिर को आने वाले रास्तों को साफ करता हूं। मन्दिर आने वालों के घर सुधारता हूं जव तक घर नहीं सुधरेंगे तव तक मन्दिरों में अतिशय होने वाले नहीं हैं। अतिशय के लिए तुम्हरे घरों को सुधारना होगा आप राग, व्देष, क्रोध, कषायो से भरकर मन्दिर आओगे तो इन भगवान में अतिशय नहीं। होगा प्रभु में अतिशय लाने के लिए भक्तों के घर की थाली को शुद्ध करना होगा।

### हमें लेने नहीं भगवान को कुछ देने जाना है

उन्होंने कहा कि तुम महाराज से लेने आते हो भगवान से गुरुओं से आशीर्वाद लेने आते हो बड़ो के सामने कुछ लेने नहीं देने जाना। मुझे अशोकनगर से कुछ भी नहीं लेना, मैं तो सोचता हूं कि मैं अशोकनगर को क्या कर सकता हूं। इस मन्दिर के लिए क्या कर सकता हूं, इस मन्दिर के लिए अपनी साधना से क्या कर सकता हूं, जव भी भगवान को धोक देने जाता हूं ,तो यही भावना आती है हमें भगवान को कुछ देना है। भक्त भगवान की और भगवान भक्ति की सोच रहा है।

### कन्या भ्रूण हत्या ने समाजिक सन्तुलन बिगाड़ दिया

उन्होंने कहा कि आज मानव जाति का सन्तुलन बिगड़ रहा है इसके लिए प्रकृति को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता हमारी वासना ने मानवीय संतुलन को बिगाड़ दिया। आज सबसे ज्यादा कन्या भ्रूणहत्या उच्च वर्ग में हो रही है। उसमें भी जैन सबसे ज्यादा है इसका प्रमाण हजार पर आठ सौ वच्चीया रह गई। इसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार हैं प्रकृति में तो तीर्थंकर प्रभु के समय में तिगुनी कन्या होती थी लेकिन पहले दहेज प्रथा और फिर आपके स्टेटस ने बेटियों को जन्म लेने से पहले ही रोक दिया। यदि पंद्रह साल तक हम प्रकृति रूप से आने वाली संतान को नहीं रोकते हैं तो परिणाम हम सब के सामने होगा हमें अपने सोच को बदलना होगा।